बिहार लोक सेवा आयोग,

15, नेहरू पथ (बेली रोड), पटना–800001

आवश्यक सूचना

स्वाथ्य विभाग, बिहार के अंतर्गत राज्य के चिकित्सा महाविद्यालय एवं अस्पतालों में सुपरस्पेशलिटी विभाग के अंतर्गत सहायक प्राध्यापक के विभिन्न संकायों के कुल 220 रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति हेतु आयोग द्वारा प्रकाशित **विज्ञापन संख्या–01/2024 से 17/2024** के अंतर्गत ऑनलाइन आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को सूचित किया जाता है कि उक्त विज्ञापनों हेतु साक्षात्कार का आयोजन **दिनांक 01.02.2024** से सम्भावित है।

उक्त साक्षात्कार आयोजन हेतु अल्प अवधि को दृष्टिपथ में रखते हुए आवेदन करने वाले सभी उम्मीदवारों को परामर्श दिया जाता है कि वे विज्ञापन में अंकित शर्त्तों के आलोक में साक्षात्कार के लिए अपने स्तर से तैयार रहेंगे। साक्षात्कार की तिथि अल्प समय में उम्मीदवारों को सूचित की जायेगी। अपरिहार्य कारणों से साक्षात्कार की तिथि में परिवर्त्तन हो सकता है।

साक्षात्कार का विस्तृत कार्यक्रम आयोग के वेबसाईट www.bpsc.bih.nic.in पर यथासमय प्रकाशित किया जायेगा।

परीक्षा नियंत्रक,
बिहार लोक सेवा आयोग, पटना